हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 7.3 डिग्री

13 गोपालपुर खेड़े के दादा भैया पर मेले और भंडारे का...



14 नपा का सीएम फ्लाइंग की टीम ने किया निरीक्षण...



## खबर संक्षेप

### खरखौदा में सड़क दुर्घटना में युवक घायल




**खरखौदा।** आईएमटी क्षेत्र में ऑटो व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवारी युवक घायल हो गया। औचंदी निवासी कर्ण ने बताया कि वह अपने गांव से अपने पिता को स्कूटी पर बैठा कर आईएमटी क्षेत्र में जा रहा था। जब वह रामपुर गांव के पुराने सड़क मार्ग पर पहुंचा तो सामने से आ रहे ऑटो ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोहानाः चोरों ने बिजली घर में लगा दी सेंध

**गोहाना।** गांव सिकंदरपुर माजरा स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के 33 केवी के बिजली घर में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर यहां से 3700 मीटर लंबी केबल चोरी कर ले गए। एसडीओ सुनील कुमार की शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार रात को चोरों ने बिजलीघर में सेंध लगाई। यहां पर फ्लड कनेक्शन से उतारी गई केबल रखी गई थी। चोर केबल चोरी कर ले गए। केबल की कीमत लगभग पौने चार लाख रुपये है। एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी।

### तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत

**सोनीपत।** सोनीपत-बहालगढ़ सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सेक्टर-27 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर

# पहले दिन तीन फार्म लिए, 1 ने दाखिल किया नामांकन, 17 फरवरी अंतिम दिन

■ सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव व खरखौदा नपा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू

### मेयर उपचुनाव के लिए पहले दिन ललित बतरा, डॉ. प्रवीन अनेजा और रमेश खत्री ने लिया फार्म, रमेश खत्री ने दाखिल भी किया पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव और खरखौदा के नगर पालिका चुनावों के लिये नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन सोनीपत नगर निगम के मेयर पद के लिये केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ है, जबकि खरखौदा नपा चुनाव के लिये कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

हालांकि मेयर उपचुनाव के लिये तीन नामांकन फार्म लिए गए हैं। जिसमें ललिता बतरा, डॉ. प्रवीन अनेजा और रमेश खत्री शामिल हैं। इनमें से रमेश खत्री ने मंगलवार को ही अपना नामांकन भी दाखिल किया है। रमेश खत्री ने रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अनमोल को अपना नामांकन जमा करवाया। बता दें कि नामांकन जमा करवाने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है, जबकि 12 फरवरी को यानि बुधवार को अवकाश रहेगा और 16 फरवरी को भी अवकाश है। इस तरह से नामांकन के चार दिन ही शेष हैं। मतदान का दिन 2 मार्च और मतगणना का दिन 12 मार्च निर्धारित है।

बता दें कि मंगलवार को नामांकन के पहले दिन नगरनिगम कार्यालय में मेयर पद के लिए आजाद उम्मीदवार के तौर पर रमेश खत्री ने रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अनमोल को अपना नामांकन सौंपा। इससे पहले नामांकन के लिए ललित बत्रा, डॉ. प्रवीन अनेजा व रमेश खत्री ने आवेदन लिया है।

खरखौदा नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए एसडीएम डॉ. निर्मल नागर को रिटर्निंग अधिकारी और तहसीलदार मनोज कुमार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर रखा है। इच्छुक उम्मीदवार एसडीएम कोर्ट रूम में नामांकन दर्ज करा सकते हैं। मंगलवार को पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया और न ही पार्षद पद के लिए किसी ने नामांकन किया।

■ नामांकन प्रक्रिया के बीच 12 व 16 फरवरी को अवकाश रहेगा, अन्य दिनों में प्रत्याशी संबंधित कार्यालय में नामांकन जमा करवा सकेंगे

■ खरखौदा नगर पालिका चुनाव के लिए पहले दिन नहीं मिला कोई भी नामांकन, तैयारी में लगे प्रत्याशी




### रिटर्निंग अधिकारी डॉ. अनमोल बोले-भरने होंगे सभी कॉलम

रिटर्निंग अधिकारी डॉ. अनमोल ने बताया कि उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले हलफनामे में सभी कॉलम भरने होंगे। यदि हलफनामे में कोई कॉलम रिक्त रह जाता है तो उम्मीदवार को सभी कॉलम विधिवत भरे हुए संशोधित हलफनामा दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। ऐसे नोटिस के पश्चात भी यदि कोई उम्मीदवार पूर्ण हलफनामा दाखिल करने में विफल रहता है तो जांच के समय निर्वाचन अधिकारी की ओर से नामांकन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है।

#### नियुक्त किए सामान्य पर्यवेक्षक

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम मेयर के उपचुनाव के लिए वर्ष 2002 बेंच के एचसीएस अधिकारी जगदीप ढांडा व खरखौदा नगरपालिका चेयरमैन तथा पार्षदों के चुनाव के लिए वर्ष 2002 बेंच के एचसीएस अधिकारी कुलधीर सिंह को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी संदर्भ में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने आदेश जारी करते हुए सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी रामफल राठी (9354935000) को नगर निगम के उपचुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक तथा सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी ईश्वर सिंह चहल (9416615777) को नगर पालिका खरखौदा चुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक के साथ लाईजिंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

#### भाजपा में बतरा आगे, कांग्रेस में अभी नहीं पैनल

नगर निगम मेयर उपचुनाव को लेकर भाजपा थिंक टैंक लगातार मीटिंग कर रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही भाजपा टिकट जारी कर दें। जबकि कांग्रेस की टिकट की घोषणा में एक दो और लग सकते हैं। क्योंकि कांग्रेस में अभी तक आवेदनकर्ताओं को शॉर्टलिस्ट कर पैनल नहीं बनाया गया है। वहीं भाजपा नेता ललित बतरा व भाजपा नेता डॉ. प्रवीन अनेजा ने नामांकन लिया है।

### मेयर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमेटियों का किया गठन



**सोनीपत।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेश सहप्रभारी जितेंद्र बघेल मीडिया से रूबरू होते हुए।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने कांग्रेस भवन सोनीपत पहुंचकर नगर निगम सोनीपत उपचुनाव को लेकर कांग्रेसजनों व आवेदकों के साथ बैठक की। इसके उपरांत उन्होंने चुनाव को लेकर कमेटियों का गठन करने के निर्देश दिए। सोनीपत पहुंचने पर सह प्रभारी जितेंद्र बघेल का पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्वागत किया। सह प्रभारी जितेंद्र बघेल के निर्देशानुसार छह कमेटियों का गठन किया गया। स्क्रूटनी कमेटी, मेनिफेस्टो कमेटी, मीडिया कमेटी, सोशल मीडिया कमेटी, लीगल कमेटी, कैम्पेन कमेटी का गठन किया गया है। स्क्रूटीन कमेटी के चेयरमैन चौ. धर्मपाल मलिक, पूर्व सांसद मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन राजीव सरोहा, कार्यकारी मेयर, लीगल कमेटी के चयेरमैन प्रेम अत्री एडवोकेट, मीडिया कमेटी का चेयरमैन अनंत दहिया, सोशल मीडिया कमेटी का चेयरमैन जयभगवान आंतिल, कैम्पेन कमेटी का चेयरमैन पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक को बनाया गया है। इसके साथ ही सभी कमेटियों में सदस्य का भी नियुक्त कर दिया गया है। इसके उपरांत सभी कमेटी अपने-अपने विभाग के अनुसार चुनाव को गति देने का काम करेगी। इस दौरान सोनीपत चुनाव प्रभारी रघुबीर तेवतिया, विधायक, चौ. धर्मपाल सिंह मलिक, पूर्व सांसद, विधायक इंदूराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

#### ये है चुनाव का शेड्यूल

- ⏭ 11 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जोकि 17 तक चलेगी
- ⏭ 18 फरवरी को छंटनी का काम किया जाएगा
- ⏭ 19 फरवरी को नामांकन वापसी का दिन
- ⏭ 19 फरवरी को ही चुनाव चिन्ह दिए जाएंगें
- ⏭ 2 मार्च को मतदान ⏭ 12 मार्च को परिणाम

## जेईई मेंस की परीक्षा में परीक्षित और अंशु गर्ग ने हासिल की सफलता




परीक्षित टुटेजा। अंश गर्ग।।

**सोनीपत।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेंस का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें शहर के शिवा शिक्षा सदन के 12वीं कक्षा के परीक्षित टुटेजा व अंश गर्ग ने जेईई मेंस को क्वालीफाई कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षित ने अपना मैंस 98.86 पर्सेंटाइल व अंश गर्ग ने 97.97 पर्सेंटाइल के साथ परीक्षा क्वालीफाई की है। दोनों होनहार अब आईआईटी की एडवांस परीक्षा की तैयारी में जुटेंगे। स्कूल निदेशक अरुण बंसल ने बताया कि किसी भी करियर व व्यक्तित्व निर्माण के लिए स्कूल की भूमिका अहम होती है। स्कूल का सकारात्मक वातावरण विद्यार्थी को तनाव से दूर करने के साथ ही मंजिल को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्कूल में विद्यार्थियों को दिए गए बेहतर शैक्षणिक वातावरण का ही परिणाम है कि विद्यार्थी हर क्षेत्र में निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने जेईई मेंस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य अलका विज ने दोनों विद्यार्थियों की सफलता के लिए अध्यापकों व अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की।

#### परिजनों ने जताई खुशी, घंटों करते थे पढ़ाई

ओल्ड डीसी रोड स्थित ब्रह्म कॉलोनी निवासी परीक्षित टुटेजा ने बताया कि वो प्रतिदिन आठ घंटे की पढ़ाई के पास जेईई मेंस की तैयारी कर पाया था। परीक्षित के पिता सुनील टूटेजा व ग्रहिणी मां नीतू बेहद खुश हैं। वहीं सेक्टर 12 निवासी अंश गर्ग ने 97.97 पर्सेंटाइल के साथ परीक्षा क्वालीफाई की है। जिससे पिता पंकज गर्ग जोकि प्रॉपर्टी डीलर हैं और मां रेनू गर्ग जोकि गृहिणी हैं, वे बेहद खुश हैं।

### पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। थाना बहालगढ़ की पुलिस टीम ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की नियत से पुलिस बैरिकेड को तेज रफ्तार गाड़ी से सीधी टक्कर मारने की घटना में संलिप्त आरोपित को प्रोड्क्शन वारंट पर लेकर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ छंगा निवासी इंडियन कॉलोनी, सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार चार दिसंबर 2024 को क्राइम यूनिट कुंडली में तैनात सहायक उप निरीक्षक प्रदीप की टीम दीवान फार्म के पास मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार सहित आने की सूचना मिली थी। टीम ने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच करना शुरू कर दिया। उसी दौरान स्विफ्ट कार चालक ने बैरिकेट को तोड़कर पुलिस कर्मचारी को कुचलने का प्रयास किया। जिसमें सहायक उप निरीक्षक सुरेश बाल-बाल बच गया था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। उप निरीक्षक ओमप्रकाश की टीम ने आरोपित साहिल उर्फ छंगा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**आरोपित को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया**

## पॉवर लिफ्टर की हत्या के आरोप में पुलिस ने नाबालिग आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर गोली मारने का है आरोप

■ पुलिस की छह टीमें हत्यारोपितों की कर रही है तलाश

शहर के प्रगति नगर में बाइक पार्किंग को लेकर पावर लिफ्टर की गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुख्य आरोपित को बेटा है। जो कि नाबालिग है। पुलिस की छह टीमें हत्यारोपितों की तलाश के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। शहर के विकास नगर निवासी वंश (20) पावर लिफ्टर था। वह स्नातक की पढ़ाई करने के साथ ही परिवार के दूध के कारोबार में हाथ बंटाता था। रविवार की दोपहर को वह प्रगति नगर में रहने वाली अपनी सहपाठी अक्षिता के घर आया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को गली में खड़ी कर दिया। कुछ देर बाद ही सहपाठी का पड़ोसी कार लेकर आया। गली में बाइक खड़ी से उसकी कार आगे नहीं जा सकी। कई बार हार्न देने के बाद बाहर आए वंश से आरोपित गाली-गलौच करने लगा। विवाद बढ़ने के दौरान आरोपित ने कार से पिस्टल निकाल कर गोली पांच गोली मार थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। जांच में सामने आया कि वारदात में आरोपित का नाबालिग बेटा भी शामिल था। शुरुआत में वंश के साथ उसकी विवाद हुआ था। जिसके चलते उसकी हत्या की गई। अब अनुसंधान टीम में नियुक्त उप निरीक्षक बृहपाल ने छानबीन कर नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

#### आरोपित जल्द पकड़ेंगे

हत्या के मामले में पुलिस ने नाबालिग आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस की छह टीमें आरोपितों की तलाश कर रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। -राहुल देव
एसीपी क्राइम, सोनीपत

## गोहानाः सरपंच को पद न छोडऩे पर जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव छिछड़ाना के कार्यवाहक सरपंच विकास को गांव के ही एक व्यक्ति ने फोन करके सरपंची न छोडऩे पर जान से मारने की धमकी दी। उसे बस्ता जमा करवाने को कहा गया। सरपंच की शिकायत पर बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव छिडड़ाना में पंचायत चुनाव से रंजिश चली हुई है। चुनावी रंजिश में सरपंच राजेश की 11 दिसंबर 2023 को गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वार्ड 10 से सर्वसम्मति से पंच बने विकास को पंचों ने कार्यवाहक सरपंच चुन लिया था। विकास ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी को एक व्यक्ति ने उसके पास फोन किया। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि सरपंच साहब राम-राम, पहचाना।

#### आप बीती बताई

सरपंच ने कहा कि हां पहचान लिया, तुम पूर्ण बोल रहे हैं। उससे कहा दो-तीन दिन में पंचायत का बस्ता जमा करा दे। उसने कहा कि क्यू जमा करा दूं, तो कहा कि मुझे सरपंच बनना है। इसके बाद पूर्व सरपंच राजेश की हत्या के बारे में जिक्र किया गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। अगर तुम घर हो तो वहीं आकर मारूंगा। नौ फरवरी को दोबारा धमकी दी गई। विकास ने कहा कि उसे व उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। आरोपित पहले भी अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। बता दें कि पंचायत चुनाव में मतदान से एक दिन पहले 10 नवंबर 2022 को सरपंच पद के प्रत्याशी दलबीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद से ही रंजिश चली हुई है।

## विवि की 5 छात्राओं ने पढ़ते-पढ़ते हासिल की नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



**गोहाना।** चयनित छात्राओं को सम्मानित करते महिला विवि की कुलपति प्रो सुदेश।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के महिला बहुतकनीकि संस्थान की पांच छात्राओं ने अंतिम सेमेस्टर की पढ़ाई करते-करते नौकरी हासिल कर अपने संस्थान व विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। होनहार छात्राओं को महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बहुतकनीकी संस्थान की प्राचार्य किरण जिंदल ने बताया कि तकनीकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की अंतिम वर्ष की छात्राओं ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महम में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने व साक्षात्कार के बाद संस्थान की पांच छात्राओं तनु निरमाण पुत्री दिलबाग, वंशिका पुत्री योगेश, मीनाक्षी पुत्री सुरेश, वंशिका मलिक पुत्री रमेश मलिक तथा आरती पुत्री तेजबीर का अटली एंटरप्राइजेज में चयन हो गया है। किरण जिंदल ने बताया कि इन छात्राओं को बावल में नियुक्ति मिली है। अंतिम वर्ष की परीक्षा पास करने के बाद छात्राओं को कंपनी में जाना है। मौके पर संस्थान के ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी शेर सिंह मलिक भी मौजूद रहे।

### टूगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट थीम के साथ मनाया सुरक्षित इंटरनेट दिवस, डीआईओ विशाल बोले

## साइबर क्राइम से बचने के लिए सतर्कता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद अधिकारीगण।

■ साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का सुझाव

■ लोगों को भी वीडियों से साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

टूगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट थीम के साथ लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल व सरल केन्द्र में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सीएससी संचालकों को जागरूक करते हुए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (डीआईओ) विशाल सैनी ने कहा कि बढ़ती डिजिटल गतिविधियों के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी वृद्धि हुई है। फिशिंग, डेटा चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन ठगी और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में आप स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरे लोगों को भी साईबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचने का सबसे बेहतर तरीका सतर्कता और जागरूकता है। अगर हम छोटी-छोटी सावधानियां अपनाते हैं, तो बड़े साइबर हमलों से बच सकते हैं। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर नागरिकों को साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने की अपील करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का सुझाव दिया। उन्होंने नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म सुरक्षित बनाने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और अन्य अकाउंट्स में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू करने, अनजान लिंक और संदिग्ध ईमेल पर क्लिक करने से बचने, प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग अपडेट करने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। इस दौरान सरल केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों और सरल केन्द्र में किसी कार्य के लिए आए लोगों को भी विडियों के माध्यम से साईबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर एडीआईओ विजय, डीएम शशिकांत कौशिक, एनआईसी से भावना व अंजलि सहित सीएससी के संचालक मौजूद रहे।

## सूर्य नमस्कार में छात्राओं ने लिया हिस्सा



### बच्चों को सूर्य नमस्कार से शरीर व मन में होने वाले फायदों बताए

सोनीपत। स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ होकर स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर संपन्न होने वाले हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत जीवीएम कालेज ऑफ एजुकेशन में सूर्य नमस्कार का पूर्वाभ्यास किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए योग को जीवन का अनिवार्य अंग बनाने का आह्वान किया। प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल व डा. आरती के निर्देशन में कालेज में सूर्य नमस्कार का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। छात्राओं ने योग विशेषज्ञों के निर्देशन में 12 चरणों वाले सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक अभ्यास किया। इस दौरान प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल ने सूर्य नमस्कार को नित्य दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने सूर्य नमस्कार से शरीर व मन में होने वाले फायदों के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि योग करने से रोग दूर रहते हैं। यदि नियमित रूप से योगाभ्यास किया जाए तो आजीवन शरीर को बीमारियों से संरक्षित रखा जा सकता है। सूर्य नमस्कार में ही कई प्रकार के आसन शामिल हैं। इसलिए मात्र सूर्य नमस्कार करके भी हम रोगों को दूर भगा सकते हैं।



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्डस' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।

लाइफ Style



# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

## टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, शश्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे, जिन्होंने लोगों को खूब डराया हैं। अब टीवी पर चुड़ैल डराने आ रही हैं। चुड़ैल लोगों की नींद खराब करने वाली हैं। इस हॉरर शो का नाम आमी डाकिनी हैं। आमी डाकिनी शो 24 फरवरी से सोनी टीवी पर शुरू होने जा रहा हैं। ये शो सोमवार-शुक्रवार रात 10 बजे आएगा। इस हॉरर शो के कुछ सीन्स सामने आ गए हैं जिसे देखकर कुछ लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं कुछ को इसका बेसब्री से इंतजार हैं। आमी डाकिनी के मोशन पोस्टर में एक महिला फोटो से बाहर निकलकर चिल्लाती नजर आ रही हैं। ये शो कोलकाता के बैकग्राउंड पर आधारित हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक शो में शीन दास लीड रोल में नजर आने वाली हैं। शो में चुड़ैल अपने पति की तलाश में वापस लौट रही हैं। इस पोस्टर को देखकर लोगों को कुछ खास मजा नहीं आ रहा हैं। इस मोशन पोस्टर को देखकर लोगों को बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा हैं।

### एकता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर पहुंचीं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यात्रा की कुछ झलकियां शेयर की हैं। वो अपनी यात्रा के दौरान अपने समय का भरपूर एंजॉय करती नजर आईं। एकता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें टीवीएफ के संस्थापक अरुणभ कुमार भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एकता ने संगम नदी में डुबकी लगाने के बाद की झलक शेयर की। वो बोट राइड भी एंजॉय करती नजर आईं। उन्होंने पक्षियों को दाना भी दिया। एकता ने अपने साथ के लोगों के साथ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- महाकुंभ। वो मंदिर भी गईं। उन्होंने माथे पर चंदन लगाए फोटो भी शेयर की।बता दें कि एकता कपूर इन दिनों शो नागिन 7 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो जल्द ही शुरू होने वाला हैं। शो में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसे लेकर काफी कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ, एकता कपूर के प्रोडक्शन वेंचर, 'द साबरमती रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली थी।



# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।



# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।

***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



### गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक हो गए दीवाने

# प्यार के रंग में रंगे टीवी के ये हिट सीरियल्स, वैलेंटाइन वीक पर एक बार फिर देखिए

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ही बेहतरीन रोमांटिक फिल्में नहीं बनाता है, टीवी पर भी समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक दीवाने हो गए। आज भी इन टीवी सीरियल्स की फैन फॉलोइंग है। वैलेंटाइन वीक पर हम आपको ऐसे ही कुछ रोमांटिक हिट टीवी सीरियल्स के बारे में बता रहे है, जिन्हें आप अपने लव या लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं।*




### कितनी मोहब्बत है

कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। पहले सीजन में कहानी कुछ ऐसी थी कि अर्जुन (करण कुंद्रा) और आरोही (कृतिका कामरा) एक-दूसरे को प्यार करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण इनके रिश्ते में दूरी आ जाती है, ये जुदा हो जाते हैं। अर्जुन को जब सच्चाई का पता चलता है तो वह चुपचाप आरोही के सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। इसी तरह कई उतार-चढ़ावों को पार कर आखिर में अर्जुन और आरोही मिल जाते हैं, इनकी मोहब्बत सफल हो जाती है। 2009 में आए इस सीरियल की एक अलग ही फैन फॉलोइंग बन गई थी, जो आज भी बरकरार है।

### इस प्यार को क्या नाम दूं

2011 में एक टीवी सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' दर्शकों के बीच काफी हिट हुआ। इसमें अर्णव रायजादा का किरदार एक्टर वरुण सोबती ने निभाया था। वहीं खुशी कुमारी का किरदार सनाया ईरानी ने निभाया। यह प्रेम कहानी एक छोटे शहर की लड़की खुशी और एक सख्त मिजाज बिजनेसमैन अर्णव के बीच की थी। कॉमेडी के रंग में रंगी यह प्रेम कहानी दर्शकों को काफी अच्छी लगी थी।





### प्यार की ये एक कहानी

एक वैंपायर और एक आम लड़की की कहानी को सीरियल 'प्यार की ये एक कहानी (2010)' में दिखाया गया। इसमें वैंपायर के रोल में विवियन डिसेना नजर आए थे। यह सीरियल फिल्म 'ट्वाइलाइट' से इंस्पायर था। सीरियल में आम लड़की के रोल में सुकीर्ति कांडपाल नजर आई थीं।

### मधुबाला

साल 2012 में विवियन डिसेना एक रोमांटिक सीरियल 'मधुबाला' में भी नजर आए। इसमें विवियन ने एक सुपरस्टार आरके का रोल निभाया था, जिसे एक साधारण लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके रिश्ते में कई बार उतार-चढ़ाव आते हैं। इस सीरियल के बाद से ही विवियन डिसेना टीवी पर काफी पॉपुलर हो गए थे। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में भी नजर आए।





### दिल मिल गए

टीवी पर साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का ही आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई।

## खबर संक्षेप

### नमन व ममता को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

**गोहाना।** बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस 7वें वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खेलोत्सव में पुरुष वर्ग में नमन जबकि महिला वर्ग में ममता को बेस्ट एथलीट के खिताब से नवाजा गया। वार्षिक खेलोत्सव के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य यशपाल गहलोत रहे।

### तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करें : सुनील

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वमावि में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को इंटरेक्टिव पैनल के माध्यम से ऑनलाइन दिखाया गया। मुख्य अतिथि एमडी सुनील शर्मा कहा कि विद्यार्थी तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करें। विद्यार्थी परीक्षा के समय भी किसी प्रकार का तनाव न लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा एवं सह निदेशक राजकुमार जांगड़ा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा।

### पुष्पवर्षा कर मेधावियों को आशीर्वाद दिया

**गोहाना।** शहर में गीता विद्या मंदिर में मंगलवार को 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। शुरूआत में हवन करवाया गया और उसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरित करते हुए पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया गया। संत रविदास की जयंती भी मनाई गई।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में तिलका मांझी की 275वीं जयंती व भारत के 5वें राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की 48वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि 1857 से लगभग 80 साल पहले बिहार के जंगलों में वनवासी समाज से आने वाले तिलका मांझी ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग की पहली चिंगारी फूंकी थी। उन्होंने अपने तीर से कई अंग्रेज अधिकारियों को मौत के घाट उतार दिया था।

### स्वास्थ्य विभाग ने कृमि मुक्ति अभियान शुरू किया

**गोहाना।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस द्वारा पर गीता विद्या मंदिर गोहाना से कृमि मुक्ति अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान के तहत एक से 19 साल के सभी बच्चों को कृमिनाशक एलबेंडाजोल दी जाएगी। नागरिक अस्पताल गोहाना के एसएमओ डा. संजय छिक्कारा, डा. दिनेश छिल्लर और नोडल अधिकारी डा. चक्रवर्ती शर्मा ने भारत विकास परिषद के सहयोग से अभियान शुरू किया।

### आज बदल चुकी है हमारे चिंतन की दिशा : वेदपाल

**सोनीपत।** वैदिक यज्ञ समिति द्वारा सेक्टर 14 स्थित सामुदायिक केंद्र में 46वां बृहद यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत मंगलवार को यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. वेदपाल ने बताया कि आज हमारे चिंतन की दिशा बदल चुकी है। हमारे पूर्वज मन को एकाग्र करने हेतु पर्वतों की कंदराओं अथवा नदी के तट का आश्रय लेते थे। क्योंकि पर्वतों की तलहटी पूर्ण रूप से सुरक्षित तथा सुंदर होती है तथा अनुकूलता प्राप्त होती है। इसी प्रकार नदियों के संगम पर मन को एकाग्र करने हेतु प्राकृतिक ध्वनि सहायक बनती है।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

**सोनीपत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं।

---

### राजकीय महाविद्यालय में आयोजित की जिला स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धाएं

# सामान्य नृत्य में राजकीय कॉलेज सोनीपत की स्नेहा ने मारी बाजी

## एकल गायन प्रतियोगिता में सुधीर प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में मंगलवार को जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मनोज मलिक प्रोफेसर फाइन आर्ट पंडित भगवत दयाल शर्मा विश्वविद्यालय रोहतक व विशिष्ट अतिथि के तौर पर आशीष दहिया सरपंच थाना कलां को आमंत्रित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ दिनेश, डॉ संदीप चहल, डॉ अनीता, डॉ दीपा राजकीय महाविद्यालय दुजाना से, डॉ मोनिका व डॉ शशी रापड़िया राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ से आमंत्रित किए गए। इस जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में 10 प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कविता वाचन, भाषण , पोस्टर बनाओ, रंगोली, पेंटिंग, एकल लोकनृत्य, एकल सामान्य नृत्य, एकल लोक गायन, एकल सामान्य नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सोनीपत जिले के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। एकल लोक नृत्य में नेहा व सिमरन शहीद दलबीर सिंह महाविद्यालय की छात्रा ने प्रथम व द्वितीय, ज्योति राजकीय महाविद्यालय भैंसवाल कलां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में सुधीर ने प्रथम व प्रियांशी ने द्वितीय, सामान्य नृत्य में राजकीय महाविद्यालय सोनीपत की स्नेहा ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय मुरथल की सलोनी ने द्वितीय व शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली की मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कविता वाचन हिंदी में राजकीय महाविद्यालय सोनीपत ने साक्षी ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय जाखोली जोगिता ने द्वितीय, राजकीय महाविद्यालय भैंसवाल कलां काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली की कशिश ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय गन्नौर के नितिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली की किरण ने, द्वितीय स्थान राजकीय महाविद्यालय सोनीपत की अंशिका ने व तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय गन्नौर के आदित्य ने प्राप्त किया।



खरखौदा। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### विजेताओं का सम्मान

प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभाओं से परिचित होने का बहुत ही सुनहरा अवसर है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनके महाविद्यालय के ही नहीं, वरन अन्य महाविद्यालयों की प्रतिभाओं से भी परिचित होने का अवसर मिला है। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति प्रभारी गीता शर्मा तथा सह संचालन किरण सरोहा द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ कीर्ति खत्री तथा डॉ रजनेश द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




खरखौदा। कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

---

# अलग-अलग स्थानों पर लाखों रुपये की राशि व सामान चोरी

- पीड़ितों के बयान पर संबंधित थाना पुलिस ने चोरी के मुकदमे दर्ज कर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में चोरी की वारदाते कम होने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने कुंडली, राई, शहर थाना क्षेत्र से नकदी व सामान सहित स्कूल से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जबकि सबसे सुरक्षित पुलिस लाइन स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल से भी चोरी सामान चोरी कर ले गए। वहीं, प्रधाचार्या की टेबल पर चाकू से जान से मारने की धमकी भी चोर ले गए। टेबल पर लिखा मिला है कि आई किल यू। संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला नंबर-1: सेक्टर-15 निवासी मनीष खत्री ने बताया कि कुंडली की सर्विस लाइन रोड पर उनका रीबॉक और एडिडास का शोरूम में है। जिसमें स्पोर्ट्स का सामान भी बेचते है। रात को वह शोरूम बंद कर घर आ गए थे। सुबह शोरूम पर गए तो शटर के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच की तो अलग-अलग जगह रखे 4.20 लाख रुपये गायब मिले। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। मामला नंबर-2:नरेला दिल्ली निवासी गोविंद ने बताया कि उसकी कुंडली सर्विस रोड के पास परचून की दुकान है। वह रात को वह दुकान बंद कर घर चला आया। सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान की छत उखड़ी हुई मिली। जांच की तो गले से करीब 40 हजार रुपये गायब थे। वहीं, दुकान में रखी सिगरेट और पेय पदार्थ भी गायब थे। जिनकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपये थी। मामले को लेकर कुंडली थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला नंबर-3: पुलिस लाइन स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि सफाई कर्मचारी स्कूल पहुंची तो ताले टूटे मिले। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ था। जांच की तो उनके कार्यालय से टैब गायब था। बायोमेट्रिक मशीन टूटी हुई थी। रजिस्टर भी फाड़े गए थे। उनकी टेबल पर चाकू से लिखा था कि आई किल यू। चोरी करने वाले ने उनको जान से मारने की धमकी भी दी है। शिकायत पर कोर्ट कांप्लेक्स पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### फैक्टरी से तार चोरी

सरस्वती गार्डन दिल्ली निवासी मनोज ने बताया कि उनकी राई औद्योगिक क्षेत्र में उनकी प्रतीक मेटल इंडस्ट्रीज नाम से प्रिंटिंग की फैक्ट्री है। उनकी फैक्ट्री से 10 एमएम के 450 मीटर तार और अन्य सामान चोरी हो गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

---

### भिगान टोल पर जाम का निकाला जाए हल

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने जीटी रोड पर भिगान के पास बने टोल पर हर समय लगने वाले जाम से राहत की मांग उठाई है। संजय सिंगला ने बताया कि भिगान टोल पर हर समय लंबा जाम लगा रहता है, जिससे आमजन व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के नजदीक होने के कारण ज्यादातर व्यापारी भी दिल्ली व सोनीपत से आवागमन करते हैं और माल वाहन भी जाम में फंसे रहते हैं। जिसकी वजह से उनको आर्थिक व समय का नुकसान होता है। इसके साथ में देश पर करोड़ों रुपए का डीजल, पेट्रोल, गैस का भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है। जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने इस विषय में टोल अधिकारियों और एसएचओ मुरथल थाना से इस बारे में शिकायत की। जिस पर टोल अधिकारी विकेश सिंह ने संजय सिंगला को बताया कि कि हमारा 65 से 70 कर्मचारियों का स्टाफ है जो ट्रैफिक निकालने में लगा हुआ है लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि टोल पर एक गाड़ी को निकलने में कितना समय लगेगा।



सोनीपत। भिगान टोल प्लाजा पर लगी वाहनों की कतार।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### जल जनित बीमारियों के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय की एनएसएस की यूनिट 1 और 2 द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तहत मंगलवार को तीसरे दिन महलाना गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जाट कालेज रोहतक के सहायक प्राध्यापक डॉ. जसमेर सिंह ने स्वयंसेविकाओ को नहरों की सफाई व अंधविश्वास के कारण जो नहरों का प्रदूषण बढ़ रहा है उसके प्रति जागरूक किया व जल प्रदूषण रोकने के लिए अपने आसपास के लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा। मुकेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग, रोहतक ने स्वयंसेविकाओ को जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया। अजय हुड्डा ने स्वयंसेविकाओ को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया व साथ ही स्वयंसेविकाओ को रक्त बढ़ाने के तरीके बताए। कॉलेज प्राचार्या गीता ने भी जल संरक्षण करने का संदेश दिया।

### सुनाई परीक्षित का प्रश्न, सृष्टि का विषय कथा

**सोनीपत।** श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कथा का शुभारंभ अनिल मित्तल ने दीप प्रज्जवलन कर किया। मंगलवार को यजमान के तौर पर अशोक कुमार कुच्छल ने उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं मुख्यातिथि के तौर पर अनुज अग्रवाल, रवि गुप्ता, गजेंद्र मंगला, संजीव कुच्छल मौजूद रहे। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य डॉ. रोहिताश भारद्वाज ने परीक्षित का प्रश्न, सृष्टि का विषय, कपिल देवहूति संवाद सुनाया। इस मौके पर प्रधान विनोद गुप्ता, महासचिव सुनील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कुच्छल, उपप्रधान देवेंद्र कुच्छल, सचिव पवन जिंदल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### दादा भैया पर मेले और भंडारे का आयोजन

**खरखौदा।** गांव गोपालपुर के खेड़े पर दादा भैया नामक धार्मिक स्थल पर भंडारे व मेले का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन प्रतिवर्ष माघ की चौदस को किया जाता है। जिसमें खीर ,चूरमे का प्रसाद दादा भैया को चढ़ाया जाता है। मान्यता है कि दहिया खाप से संबंधित ग्रामीण अनुष्ठान में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विवाह होने, परिवार में बच्चा होने व अन्य खुशी के अवसरों पर यहां धोक लगाकर आशीर्वाद लिए जाने की परम्परा है। विधायक पवन खरखौदा के भाई प्रवीण भोरिया ने भी धार्मिक स्थल पर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुकेश प्रधान, अजीत सिंह ,रमेश, मंगतराम, दिलराज, सोनू, बबलू व अन्य युवाओं ने व्यवस्था प्रबंधन में सहयोग किया।

---



खरखौदा। छात्राओं को योग की शपथ दिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### योग से ध्यान और एकाग्रता में वृद्धि : प्रमिला

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में योग क्लब द्वारा डॉ. दर्शना व डॉ. प्रमिला के नेतृत्व में 6 दिन चले सूर्य नमस्कार अभियान का मंगलवार को समापन हो गया। इसके तहत योग क्रियाएं और सूर्य नमस्कार का अभ्यास छात्राओं को करवाया गया। अंतिम दिन संगीत के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने के साथ-साथ डॉ.दर्शना ने छात्राओं को शपथ दिलवाई कि वे योग के द्वारा स्वस्थ रहेंगी तथा जो सूर्य नमस्कार इन 6 दिनों में उन्होंने सीखा है उसे अपने जीवन में नियमित रूप से अपनाएंगी। अपने घर परिवार, सहपाठियों के साथ-साथ पास पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी योग और सूर्य नमस्कार करने से होने वाले फायदे के प्रति जागरूक करेंगी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला ने कहा कि जो छात्राएं नियमित रूप से योग करती हैं, उनके ध्यान एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। पढ़ने और अन्य गतिविधियों में उनकी ज्यादा रुचि बढ़ने के साथ ही सफलता शीघ्र प्राप्त करती हैं। वहीं दूसरी ओर प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर छात्राओं को एलबेंडाजोल टैबलेट वितरित की गई।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिया तृषा, शिवानी, संजना व तमन्ना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गायत्री शक्ति पीठ, शांतिकुंज, हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा प्रताप स्कूल खरखौदा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रताप विद्यालय के 108 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा पाँचवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा पाँचवीं से जिया, ईशान व चेतन्य ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान, कक्षा नौवीं से तृषा, सिमरण व सारिका ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान, कक्षा दसवीं से शिवानी, भूमिका व साक्षी ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान, कक्षा ग्यारहवीं से संजना, हिमांशी व वंशिका ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान तथा कक्षा बारहवीं से तमन्ना, नैंसी व जन्नत ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। गायत्री शक्ति पीठ, शांतिकुंज, हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा उपरोक्त विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, द्वितीय स्थान को सिल्वर व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ब्रांज मैडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या दया दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध द्वारा सम्मानित किया गया ।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या दया दहिया



डीक्रस्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

### बाल महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**सोनीपत।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि मुरथल स्थित सभागार में बाल महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता रही। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी व पूर्व निदेशक स्कूल कमल कांता एवं परिषद के मुख्यालय से बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक रही। डॉ. सुषमा गुप्ता ने जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती ने बताया कि आज इस समारोह में 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक जिला स्तर पर आयोजित बाल प्रतियोगिता की विभिन्न स्पर्धाओं के लगभग 600 विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

---

## एसडीएम ने हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का किया दौरा

# कार्यों में और तेज गति लाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एसडीएम प्रवेश कादियान ने मंगलवार को जीटी रोड स्थित हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का दौरा किया। इस दौरान बागवानी विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने पहले फेज में मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों से अवगत करवाया। बागवानी विभाग के एक्सईएन सुभाष सिंह ने एसडीएम को निर्माण कार्य का माडल दिखा कर उन्हें प्रेजेंटशन भी दी। उन्होंने बताया कि पहले फेज के निर्माण पर करीब 2600 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे शेड, रोड, दुकानें, आफिसर्ज कालोनी, किसान विश्राम गृह, फायर स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कैब सर्विस के लिए टैक्सी स्टैंड, सौर ऊर्जा प्लांट, पानी आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति आदि की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद एसडीएम ने मंडी में रोड निर्माण, सीवरेज, बिजली, पेयजल व्यवस्था, कामन शेड, हार्टीकल्चर इंस्टीट्यूट, कोल्ड स्टोरेज, किसानों के लिए तैयार किए जा रहे प्लेटफार्म का भी निरीक्षण करते हुए कार्यों में और तेज गति लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



गन्नौर। हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए।

### स्थानांतरित करने को लेकर निरीक्षण

अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के अंदर टेहा गांव के मंदिर, शमशान घाट, पानी निकासी के जोहड़ के अलावा शाहपुर तगा गांव के बाल्मिकी मंदिर बना है। जिस वजह से इन सभी जगहों को स्थानांतरित करने को लेकर विवाद चल रहा है। यह मामले अदालत में भी विचाराधीन है। एसडीएम ने सभी जगहों का निरीक्षण करते हुए दोनों गांवो के सरपंचो व अधिकारियों से विवाद को निपटाने के लिए सुझाव भी मांगे, ताकि मंडी के निर्माण कार्यों में कोई बाधा न आए। उन्होंने सुझावों को उच्च अधिकारियों तक पहुंच कर उनका समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया है।



सोनीपत। गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संगत।

### गुरुद्वारा में मनाया गुरु हरराय साहब का प्रकाश दिवस

**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क में सिखों के सातवें गुरु हरराय साहब का प्रकाश दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लुधियाना पंजाब से रागी हरदीप सिंह, कुलदीप सिंह गुरुद्वारा साहब पहुंचे। उन्होंने संगत को गुरु हरराय साहब का इतिहास सुनाया। गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार कुलदीप सिंह ने बताया गुरु हरराय साहब बड़े कोमल हृदय के मालिक थे एवं प्रकृति प्रेमी थे। उन्हें वनस्पति से गहरा लगाव था। महासचिव सुरेंद्र सिंह ने संगत को गुरु साहब के प्रकाश दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर संगत गुरुद्वारा साहब पहुंची एवं कीर्तन श्रवण किया। समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य हरगोविंद सिंह, राकेश सचदेवा, दलजीत सिंह, मनजीत सिंह, गुरदीप सिंह, दलजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खेल प्रतियोगिता में आरती ने जमाई धाक

**सोनीपत।** रतनगढ़ माजरा स्थित सर छोटूराम स्कूल की खिलाड़ी कुमारी आरती ने 38 वीं नेशनल लॉन बॉल खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। बास्केट बॉल कोच रीतु ने बताया कि यह प्रतियोगिता 30 जनवरी से 5 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित की गई। दीपांशी ने भी 10वीं नेशनल लॉन बॉल में भी कांस्य पदक पर कब्जा किया है। तमन्ना और अन्नु ने सब जुनियर नेशनल कॉर्फ बॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। मास्टर रितेश ने नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पर कब्जा करके अपना परचम फहराया।

### युक्ति, हितांशु और हर्षिल बने बेस्ट एथलीट

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वार्षिक खेलकूद पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के सभी विजेताओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्राचार्या किरण दलाल रही। विजेताओं में कक्षा तीसरी और चतुर्थ में युक्ति व पांचवीं में हितांशु, हर्षिल और आयुष संयुक्त रूप से प्रथम रहे। छठी से आठवीं में अध्यनन और मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट एथलीट का खिताब युक्ति, हितांशु, हर्षिल, आयुष, अध्ययन और मानसी को दिया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता में प्रेरणा रही प्रथम

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी, एलजी और यूकेजी के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें रस्सी कूद, लंबी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद करवाई गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से प्रेरणा ने प्रथम, कक्षा यूकेजी से आकर्षक ने द्वितीय तथा कक्षा दूसरी से लक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।

### दूषित पानी सप्लाई पर एसडीएम ने लिया संज्ञान

**गन्नौर।** गांव लल्हेड़ी में दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान ने संज्ञान लिया है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद एसडीएम ने जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को जल्द से जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। गांव के लोगों ने अनुसार पिछले कुछ महीनों से सप्लाई का पानी दूषित और बदबूदार आ रहा है। मामला एसडीएम प्रवेश कादियान के संज्ञान में आया तो जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने और जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## निरीक्षण के दौरान 18 अधिकारी व कर्मचारी मिले अनुपस्थित

# नपा का सीएम फ्लाइंग की टीम ने किया निरीक्षण, कूड़ा निस्तारण में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

नगर पालिका गन्नौर में मंगलवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 18 अधिकारी व कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए, जिनमें 5 नियमित कर्मचारी, 3 हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी, 4 स्थायी सफाई कर्मचारी और 6 पालिका रोल के कर्मचारी शामिल थे। इसके अलावा, तहसीलदार गन्नौर और उपमंडल अधिकारी, नायब तहसीलदार के पास दो सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगी पाई गई, लेकिन इसके आदेश कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा टीम ने मुख्य रूप से कूड़ा निस्तारण प्रक्रीया की गंभीरता से जांच की जिसमें अनियमिताएं मिली। सीएम फ्लाइंग की टीम ने रिपोर्ट बना कर उच्च अधिकारियों से अनियमितताओं और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कारवाई की सिफारिश की है।



गन्नौर। नगरपालिका का निरीक्षण करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

### डंपिंग प्वाइंट पर मिली अनियमितताएं

सीएम फ्लाइंग की टीम ने नगरपालिका के कूड़ा डंपिंग प्वाइंटों का निरीक्षण किया। जिनमें जरूरी सुविधाओं की कमी पाई गई। वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था, जबकि यह आवश्यक था। साथ ही, कूड़ा उठाने वाले वाहन जिसमें एक डोजर और पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में जीपीएस नहीं लगा हुआ पाया गया।

**कूड़े की छंटाई के लिए सेग्रीगेशन मशीन नहीं मिली:** सीएम फ्लाइंग की टीम को डंपिंग प्वाइंट पर कूड़े की छंटाई के लिए कोई सेग्रीगेशन मशीन नहीं मिली। जिनिरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहां 2-3 कमरों में कुछ लेबर परिवारों के साथ रह रहे थे, जिनके पास बड़ी मात्रा में पालिथिन, कागज और गत्ता एकत्रित था। यह ज्वलनशील सामग्री आग लगने की स्थिति में जान-माल के लिए बड़ा खतरा बन सकती है, जो विभाग की लापरवाही को दर्शाता है।

### कूड़ा उठान और वजन प्रक्रिया में गड़बड़ी

टीम ने 10 फरवरी 2025 को कूड़ा लोड कर ताजपुर, सोनीपत के क्लस्टर प्वाइंट पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से भेजे गए कूड़े की धर्मकांटा की वजन रसीद का मिलान क्लस्टर प्वाइंट के रजिस्टर से नहीं पाया। धर्मकांटे पर कार्यरत सफाई कर्मचारी नरेंद्र पर गलत तरीके से रसीद दर्ज करने और रजिस्टर में कूड़े की एंट्री नहीं करने का आरोप लगा। इसके अलावा धर्मकांटा पर कोई सीसीटीवी कैमरा चालू नहीं मिला। जिस पर टीम ने नगरपालिका से धर्मकांटा बदलने के निर्देश दिए।

### पार्षदों ने भी रखी शिकायतें

निरीक्षण के दौरान पार्षदों ने सीएम फ्लाइंग के समक्ष अपनी भी शिकायतें रखी। पार्षदों ने बताया कि नगरपालिका में करीब 2000 स्ट्रीट लाइटें आई थी, लेकिन वार्डों में स्ट्रीट लाइटें कम लगी है। वहीं 17 वार्डों में रिपेयरिंग के कार्य के लिए 25 लाख रुपये आए थे। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि 25 लाख रुपये कहां खर्च किए गए। उन्होंने दोनों मामलों की जांच करने की मांग की। इस पर टीम ने लिखित में शिकायत करने की सलाह दी, ताकि नियमानुसार जांच की जा सके।



गोहाना। गांव भैंसवाल में राशन डिपो का निरीक्षण करने पहुंची एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय निरीक्षण करने गांव जागसी और भैंसवाल कलां में पहुंची

# आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी व राशन डिपो का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

एसडीएम अंजली श्रोत्रिय ने गांव जगसी में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी व गांव भैंसवाल कलां में राशन डिपो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को अपनी ड्यूटी में कोई भी कोताही न बरतने के निर्देश दिए। आईएएस अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं। वे लोगों की सेवा में तत्पर रहें। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी अपना रिकॉर्ड दुरुस्त रखें और समय पर ड्यूटी पर पहुंचें। ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा कि अगर उनको किसी प्रकार की परेशानी है तो वे उनके पास आकर शिकायत करें। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर एएसआर आत्मप्रकाश, खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक राजेश हुड्डा, विक्रम व अनिरूद्ध मौजूद रहे।

### कोई भी दलाल दिखाई न दे

अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि गोहाना के उपमंडलीय परिसर में कोई भी दलाल दिखाई नहीं देना चाहिए। दलालों पर निगरानी रखने के लिए उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। अगर कोई प्राइवेट व्यक्ति किसी प्रकार की दलाली में संलिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गन्नौर के छात्रों ने राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज में हासिल किया द्वितीय स्थान

- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के नेतृत्व में मंगलवार को पंचकूला स्थित डायल 112 भवन में राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सोनीपत पुलिस द्वारा भेजे गए छात्रों में श्री राम कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिगान के तीन होनहार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय लेवल-1 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों में कक्षा पांच के छात्र पारस, शिवांशी और कक्षा चौथी की छात्रा प्रकृति इक्का शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य नीरज त्यागी ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने बताया कि बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित हों।



गन्नौर। छात्र पारस, शिवांशी और छात्रा प्रकृति इक्का को सम्मानित करते पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर। फोटो : हरिभूमि

# पांच दिन से स्पेशल ऑडिट टीम का सोनीपत शूगर मिल में डेरा

**2022-23 पेराई चीनी मिल में कारखाने के टेंडर, खोई का टेंडर, अस्वीकार कंपनी को टेंडर जारी करने की भेजी शिकायत**

**टीम पूरे साल के रिकॉर्ड को खंगालने में लगी, सरकार को सौंपी जाएगी रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में वर्ष 2022-23 पेराई सत्र के दौरान कारखाने की देखभाल का टेंडर, खोई का टेंडर सहित कारखाने की देखरेख सहित कर्मचारियों की कमी करने के मामले में पंचकूला से ऑडिट टीम पांच दिन से चीनी मिल में डटी हुई है। सरकार की तरफ से मिल में भेजी गई टीम कागजों को खंगालने में जुटी है। टीम में अलग-अलग जिलों के अधिकारी मौजूद है। जो कागजों की जांच में जुटे है। बता दें कि चीनी मिल में तैनात मुख्य अभियंता देवेंद्र पहल व मिल के पूर्व वाइस चेयरमैन उमेद सिंह दहिया ने विभाग सहित सरकार के पास शिकायत देकर बताया था कि चीनी मिल में तैनात महाप्रबंधक द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए पानीपत की कंपनी को करोड़ों रुपये का लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है।

### कॉपरेट करने के निर्देश दिए

चीनी मिल में ऑडिट टीम जांच में जुटी है। मिल में अधिकारियों को टीम के साथ कॉपरेट करने के निर्देश दिए गए है। अधिकारी टीम के साथ कागजी सहयोग कर रहे है। टीम जांच पूरी होने के बाद उच्च अधिकारी व प्रदेश सरकार के पास भेजेगी।

-श्वेता सिंह, एमडी चीनी मिल सोनीपत।

आरोप था कि एमडी द्वारा अपने चहेतें कर्मचारियों को उच्चे पदों का अतिरिक्त कार्यभार दिया। उसके बाद अधिकारियों की कमेटी बनाकर कई कार्य नियमों के विरूद्ध जाकर करवाएं। प्रबंधन की तरफ से परिसर में आरओ प्लांट की मरम्मत के लिए एएमसी व खरीद को लेकर नियमों को ताक पर रखकर अपने जानकार पानीपत की कंपनी एसके पॉवर ग्रुप को दे दिया। जबकि उक्त कंपनी हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित ई-टेंडर के नियम व शर्तें पूर्ण नहीं करती थी।

**आरोप :** आरोप था कि आरओ प्लांट को वर्ष 2018 में दस लाख रुपये में लगवाया गया था। जबकि इसकी एमसी व पार्ट की देखरेख के लिए वर्ष 2022-23 पेराई सत्र के दौरान 30 लाख रुपये खर्च कर दिए। कारखाने में मरम्मत व पेराई सत्र के संचालन का ठेका आईसीसीपीएल (केश टेक) कंपनी को नियमों को ताक पर रखकर देने व लाभ पहुंचाने का आरोप शामिल था। आरोप था कि कार्य की कीमत पांच करोड़ रुपये थी। जिसमें कारखाने में कार्य करने के लिए दो सौ कर्मचारी नियुक्त किए थे। कंपनी की तरफ से पेराई सत्र की शुरुआत में लाखों की जीएसटी के लाखों रुपये दिए गए, लेकिन जीएसटी जमा नहीं करवाई गई। उक्त फर्म हरियाणा में रजिस्टर्ड तक नहीं थी। उसके बाद पानीपत की कंपनी को मौखिक रूप से कार्य को स्थानांतरित कर दिया गया। कंपनी की तरफ से कारखाने में कर्मचारियों की छटनी करते हुए महज 120 पर ला दिया। मिल प्रबंधन की तरफ से कंपनी को राशि जारी करने का आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाया गया था।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

- प्रदर्शनी फिजिक्स तथा भूगोल विभाग की ओर से आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी फिजिक्स तथा भूगोल विभाग द्वारा आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में डॉ. नरेश आंतिल, डॉ. वंदना नासा, डॉ. शर्मिला बधवार और डॉ. नीरज दहिया रहे। इस विद्यालय प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डीक्रस्ट के पूर्व वीसी राजेंद्र अनायत रहे। इस प्रदर्शनी में दोनों विभाग के बच्चों ने लगभग एक दर्जन मॉडल बनाएं। प्रथम आने वाले मॉडल को रोहतक पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए भेजा जाएगा। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत के कार्यवाही प्राचार्य नरेश अंतिम ने छात्राओं से कहा कि उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह अनायत ने भी छात्राओं से विज्ञान मॉडल के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों के ज्ञान को अपडेट भी किया। फिजिक्स विभाग की दो छात्राएं और इस और साक्षी के मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वंदना और पूजा के मॉडल को द्वितीय तथा दीप्ति,आयुषी और वर्षा के मॉडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भूगोल विभाग में दीपिका और जानवी के मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, कोमल और खुशबू के मॉडल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा चेल्सी और चंदा के मॉडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों के साथ मुख्यातिथि, प्राचार्य एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

# विदाई समारोह : सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झूमीं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्य सुमिता सिंह ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि डीन फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण व डीन और विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. सुमन दलाल रहे। प्राचार्य सुमिता सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उनके अनुसार करते हुए कहा कि इस विदाई समारोह का ध्येय शुभास्ते पंथानः संतु है जो कि छात्राओं को उनके भविष्य में शुभ पथ की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। समारोह में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं की विदाई गुरुकुल परम्परा के अनुसार की गई। प्रो. रवि भूषण ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें। कार्यक्रम में विशेष योगदान नीलम रानी व सुनीता शर्मा का रहा। मंच संचालन ज्योति शर्मा ने किया।



गोहाना। छात्राओं व शिक्षकों के साथ प्राचार्या सुमिता सिंह, प्रो. रवि भूषण व डॉ. सुमन दलाल। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 58 नागरिकों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** शहर में महम मार्ग स्थित प्रकाश गार्डन में मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर नेहरा ट्रांसपोर्ट के मालिक सोनू नेहरा व उनकी पत्नी गीता चौधरी के बेटे सौगात नेहरा के जन्मदिन पर आयोजित हुआ जिसमें 58 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर में पीजीआई रोहतक से डॉ. वंदना व डॉ. शिव की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। अध्यक्षता सोनू नेहरा व उनकी पत्नी गीता चौधरी ने की। सानिध्य सौगात नेहरा के दादा-दादी जगत सिंह नेहरा और संतरो देवी का रहा। संयोजन पवन सिंगला व चांद वशिष्ठ ने किया। मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा रहे।

### हत्या आरोपित व 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर के न्यायालय परिसर में डेढ़ दशक पहले कुख्यात संजय बुटानियां के चाचा ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश फौजी की हत्या के मामले में नामजद आरोपित को क्राइम यूनिट सेक्टर-27 टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्की निवासी शिव कॉलोनी जींद का है। पुलिस ने आरोपित पर 25 हजार रुपये का ईनाम रखा था। काइम यूनिट सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पवार ने बताया कि 19 अक्तूबर, 2010 को सोनीपत कोर्ट में पेशी के लिए लेकर आए गांव बुटाना निवासी ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश फौजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ओमप्रकाश कुख्यात संजय बुटानियां का चाचा था। उसे वर्ष 2008 में हुई हत्या के मामले में सोनीपत कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। मामले में पुलिस टीम को भी धक्का मारकर गिराया गया था। मामले में पुलिस ने बुटाना गांव के राकेश उर्फ राका व लक्ष्य उर्फ मोनू को मौके से काबू कर लिया था। वहीं दो साथी भाग गए थे।

### झांसा देकर लाखों रुपयों की राशि ऐंठी

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने युवक को शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा देने का झांसा देकर लाखों रुपयों की राशि को हड़प ली। साइबर थाना सेक्टर-23 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-23 निवासी सर्वजीत ने बताया कि उसके सोशल साइट अकाउंट टेलीग्राम पर एक लिंक मिला था। लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें सी-हॉर्स नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। उन्हें एड-बीर कैपेबल नाम के शेयर ट्रेडिंग एप का लिंक भेजा। जिसे उन्होंने अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर लिया। जिस पर उन्हें जानकारी मिलने लगी। ग्रुप एडमिन ने एपीपी के बारे में जानकारी दी। बाद में दो मोबाइल नंबर से उनके पास व्हाट्सएप कॉल व मैसेज आने लगे। उनसे 4.78 लाख जमा करा लिए गए। उन्हें जिस एप से जोड़ा गया उसे आदित्य बिड़ला कैपिटल से संबंधित ओटीसी अकाउंट बताया गया। उन्हें बाद में पता लगा कि मोबाइल एप फर्जी है। जिसके बाद ठगी का पता लगा।

### डेढ़ साल से फरार इनामी आरोपित को किया गिरफ्तार

**खरखौदा।** क्राइम यूनिट खरखौदा की पुलिस टीम ने गांव पिपली में गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में पांच हजार के इनामी और डेढ़ साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जितेंद्र उर्फ धोला पुत्र दिलबाग निवासी सिसाना का रहने वाला है। यह मामला 30 जून 2023 का है। रामप्रकाश पुत्र ईश्वर सिंह, निवासी गांव पिपली ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि उसका छोटा भाई रामनिवास, जो गांव पिपली का पूर्व सरपंच है, उस पर जानलेवा हमला किया गया। गांव में शहीद दलबीर सिंह के नाम से सरकारी कॉलेज है, जिसके पास शराब का ठेका है। ग्रामीण और मौजूदा सरपंच इस ठेके को कॉलेज से दूर हटवाना चाहते थे। 29 जून 2023 की शाम करीब 7. 30 बजे रामनिवास अपने दोस्त सूर्या के ऑफिस में बैठा था। तभी जितेंद्र उर्फ धोला, सुमित, सागर, अमित उर्फ छोटा और दो अन्य युवक वहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि ठेका नहीं हटेगा। जितेंद्र ने अपने भाई भूपेंद्र को फोन मिलाया और स्पीकर ऑन कर दिया। भूपेंद्र ने कहा, इसे गोली मार दो। जितेंद्र ने रामनिवास को पकड़ लिया और अमित उर्फ छोटा ने पेट में गोली मार दी।

### बॉक्सर वंशज चौहान ने नेशनल गेम्स में जीता स्वर्ण पदक



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी वंशज चौहान को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** उत्तराखंड में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक 38वीं नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सर वंशज चौहान ने 63.5 किलो भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों से चयनित बॉक्सरों ने हिस्सा लिया जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग के वंशज का इस प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। वंशज ने अपने पहले मुकाबले में हरियाणा के शिवम को 5-0 के स्कोर से हराया, दूसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल को 1-4 के स्कोर से हराया। अपने अंतिम मुकाबले में असम के शिवा थापा को 3-2 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल व एकेडमी का नाम रोशन किया। वंशज इस से पहले भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश व राज्य के लिए पदक जीत चुके हैं। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने वंशज चौहान को बधाई दी।




खरखौदा। वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते प्राचार्या व प्राथमिक प्रभारी।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्या उषा वत्स व प्राथमिक प्रभारी रितु द्वारा किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सदनों के मुखिया, अध्यापक, हेड बॉय, हेड गर्ल, कक्षा मॉनिटर्स तथा वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हेड बॉय और हेड गर्ल को उनके नेतृत्व क्षमता और अनुशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा मॉनिटर को उनके जिम्मेदार और अनुशासित व्यवहार के लिए सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### डिस्पले बोर्ड कंपीटिशन में दीपांशी व नम्या अव्वल

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में इंटरनेशनल डे ऑफ वूमन एंड गर्ल्ज इन साइंस का आयोजन करते हुए विज्ञान जगत में महिलाओं व लड़कियों की उपलब्धियों की महत्ता दर्शाते हुए भागीदारी के लिए प्रोत्साहन दिया गया। इस दौरान आयोजित डिस्पले बोर्ड कंपीटिशन में दीपांशी व नम्या अव्वल रही तो पोस्टर मेकिंग में जया ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं के साथ सफल आयोजन की बधाई दी। जीवीएम के विज्ञान संकाय के तत्वावधान में आयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ वूमन एंड गर्ल्ज इन साइंस का शुभारंभ प्राचार्या ने आमंत्रित वक्ताओं के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए किया, जिनमें प्रो. विनोद बाला तक्षक व प्रो. विनीता शुक्ला शामिल रही।

## गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण पर किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम

# अच्छी फसल के लिए गुणवत्तायुक्त बीज का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गांव आहुलाना में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह मोर ने किसानों को किसानों को बताया कि अच्छी फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज का उपयोग अनिवार्य है। डॉ. अक्षय भूकर ने किसानों को बीज उत्पादन के दौरान आनुवंशिक शुद्धता बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत के वैज्ञानिक डॉ. जोगेंद्र तोमर ने समूह आधारित दृष्टिकोण को अपनाकर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र मेहरा एवं सहायक पौध संरक्षण अधिकारी, कृषि विभाग, गोहाना, डॉ. रघुवेंद्र सिंह जून ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को खरीफ फसलों एवं फल-फूल खेती की उन्नत तकनीकों से संबंधित पुस्तकें व किचन गार्डनिंग के लिए सब्जी बीज भी वितरित किए गए।



गोहाना। किसानों को प्रशिक्षित करते हुए विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है आने वाला समय

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित महिला बहुतकनीकि संस्थान में मंगलवार को विस्तृत व्यख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को भविष्य मे आर्टिफिशयल इंटेलिजेंसी कोर्स के फायदे और नुकसान के बारे अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य किरण जिंदल ने की। मुख्य वक्ता छोटू राम बहुतकनीकि संस्थान रोहतक से डॉ. सुखबीर सिंह खीना के अनुसार यह सर्टिफिकेट कोर्स 12वीं के बाद या किसी भी डिप्लोमा कोर्स को पास करने के बाद किया जा सकता है। आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ही है। आज सबके पास समय की कमी है। सभी को सोचते ही काम चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लोगों के काम को आसान करने के साथ-साथ समय भी बचाता है।